प्रादेशिक समाचार
03.10.2023 (संध्या—1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ में तारोकी और रायपुर के बीच ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, कहा— देश के संसाधनों पर गरीबों का पहला हक।

2. विश्व बैंक ने वित्त वर्ष 2023—24 के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर का अनुमान छह दशमलव तीन प्रतिशत पर रखा बरकरार।

3. मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने नवनियुक्त सहायक अभियंता और लिपिकीय सेवा संवर्ग के पद पर चयनित अभ्यर्थियों को सौंपा नियुक्ति पत्र।

4. स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने बढ़ते डेंगू के प्रकोप पर जमशेदपुर में की समीक्षा बैठक, रोकथाम को लेकर दिये कई दिशा निर्देश।

5. एशियाई खेलों में भारत को मिला 15वां स्वर्ण पदक, पांच हजार मीटर दौड़ में पारूल चौधरी और जैवलीन थ्रो में अनु रानी ने जीता स्वर्ण।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में 26 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने तारोकी और रायपुर के बीच ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानमंत्री ने बस्तर के नागरनार में राष्ट्रीय खनिज विकास निगम के नए इस्पात संयंत्र को भी राष्ट्र को समर्पित किया। लगभग 24 हजार करोड रुपये की लागत से बनने वाले इस समेकित इस्पात संयंत्र में उच्च कोटि के इस्पात का उत्पादन होगा। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार देश में बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि देश के संसाधनों पर पहला हक यहां के गरीबों का है।

****

विश्व बैंक ने वित्तीय वर्ष 2023—24 के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान छह दशमलव तीन प्रतिशत बनाए रखने का निर्णय लिया है। विश्व बैंक ने अप्रैल की अपनी रिपोर्ट में 2023—24 में भारत की वृद्धि दर का अनुमान पहले से छह दशमलव छह प्रतिशत से घटाकर छह दशमलव तीन प्रतिशत कर दिया था। विश्व बैंक के भारत के विकास संबंधी नवीनतम विवरण के अनुसार भारतीय अर्थव्यववस्था पर अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों की अर्धवार्षिक प्रमुख रिपोर्ट में कहा गया है कि बडी वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत वर्ष 2022—23 में सात दशमलव दो प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ तेजी से बढती प्रमुख अर्थव्यवस्था में शामिल था।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आकांक्षी जिलों में संकल्प सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। आज से 9 अक्टूबर तक चलने वाले इस सप्ताह में हर दिन विकास से जुड़े कार्य किये जायेंगे। इन कार्यों में संपूर्ण स्वास्थ्य, सुपोषित परिवार, स्वच्छता, कृषि, शिक्षा और समृद्धि दिवस शामिल हैं। गोड्डा जिले के सुंदर पहाड़ी ब्लॉक में भी संकल्प सप्ताह के तहत कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जिले के अधिकारियों ने इस कार्यक्रम के तहत शत—प्रतिशत सफलता की उम्मीद जतायी है।

****

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने प्रोजेक्ट भवन स्थित सभागार में नगर विकास एवं आवास विभाग में नव नियुक्त सैंतालीस सहायक अभियंता और वाणिज्य कर विभाग में नवनियुक्त लिपिकीय सेवा संवर्ग के निम्न वर्गीय लिपिक के पद पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त अभ्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी, साथ ही कहा कि राज्य में क्षमता की कोई कमी नहीं है। इस मौके पर श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता समेत विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

****

झारखंड सरकार में संसदीय कार्य एवं ग्रामीण विकास कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने जातीय जनगणना को जायज ठहराया है। बोकारो में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी जातीय जनगणना की पक्षधर है। उन्होंने आज बोकारो में जन सुनवाई के दौरान लोगों की समस्यायें सुनी। इस दौरान उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना से विकास कार्यों की योजनाएं बनाने में सहूलियत होती है।

****

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने जमशेदपुर में बढ़ते डेंगू के प्रकोप को लेकर जिला मुख्यालय सभागार में समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने डेंगू के रोकथाम को लेकर कई दिशा निर्देश दिये। बैठक में जिले के उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, धालभूम अनुमंडल पदाधिकारी समेत तमाम विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

****

भारतीय रेल विकास निगम के ऑपरेशन डायरेक्टर राजेश प्रसाद ने दक्षिण पूर्व रेल मंडल अंतर्गत आदित्यपुर रेलवे स्टेशन और यार्ड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नव निर्मित बिल्डिंग और यार्ड में चल रहे कार्यों का जायजा भी लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि हावड़ा–मुंबई रेल लाइन पर प्रस्तावित थर्ड लाइन परियोजना के तहत एक सौ तीस किलोमीटर में से 90 किलोमीटर तक का कार्य पूरा कर लिया गया है, मार्च 2024 कार्य पूरा किए जाने का लक्ष्य है।

****

कोडरमा जिले के लारियाडीह पंचायत की महिलाओं के प्रयास ने न केवल उन्हें आत्मनिर्भर बनाया, बल्कि गांव के लिए भी विकास का पथ खोल दिया।

****

चीन के हांगचोओ में हो रहे एशियाई खेलों में भारत के बेहतारीन प्रदर्शन का सिलसिला जारी है। आज दसवें दिन महिलाओं के पांच हजार मीटर दौड़ में पारूल चौधरी और जेवलीन थ्रो में अनु रानी ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। इसके साथ ही भारत अबतक 15 स्वर्ण पदक जीत चुका है। कैनोइंग डबल में अर्जुन सिंह और सुनील सिंह ने कांस्य पदक जीता। मुक्केबाजी में प्रीति ने 54 किलो भारवर्ग में कांस्य पदक हासिल किया।

****

राजधानी रांची समेत राज्यभर में अधिकांश जिलों में पिछले 48 घंटे से रूक रूक कर बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों के अंदर गढ़वा, गोड्डा, साहिबगं, पूर्वी तथा पश्चिमी सिंहभम जिले और सिमडेगा के कुछ भागों में वज्रपात के साथ बारिश की संभावना जताई है।

********समाप्त***********